Extra

**...E.S. HIGH SCHOOL**


**Bhandup (W), Mumbai – 400 078.**

| | | |
|---|---|---|
| | I-Semester Examination | |
| STD-X | Sub – HINDI Composite | Marks – 50 |
| Date-30/10/18 | No. of Pages 6 | Time – 2 hrs |

प्र .1अ निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए।

उनकी वेशभूषा की ग्रामीणता तो और भी दृष्टि को उलझा लेती थी। खादी की मोटी धोती ऐसा फेंटा देकर बाँधी गई थी कि एक ओर दाहिने पैर पर घुटना छूती थी और दूसरी ओर बाएँ पैर की पिंडली।मोटे,खुरदुरे,काले बंद गले के कोट में ऊपर का भाग,बटन टूट जाने के कारण खुला था और घुटने के नीचे का बटनों से बंद था।सर्दी के दिनों के कारण पैरों में मोजे जूते तो थे,परंतु कोट और धोती के समान उनमें भी विचित्र स्वच्छंदतावाद था।मिट्टी की परत से न जूतों के रंग का पता चलता था,न रुप का।गांधी टोपी की स्थिति तो और भी विचित्र थी।उसकी आगे की नोक बाईं भौंह पर खिसक आई थी और टोपी की कोर माथे पर पट्टी की तरह लिपटी हुई थी।

1) संजाल पूर्ण कीजिए:- 2




2) i. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

1 पैर = ...........  1 कपड़ा = ...........

ii) परिच्छेद में से विलोम शब्द की जोड़ियाँ ढूँढकर लिखिए। 1

1) ▭ X ▭  2) ▭ X ▭

2) स्वमत अभिव्यक्ति

भारतीय कृषक के बारे में छह से आठ वाक्य लिखिए। 2

प्र 1आ निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए।

अर्जी

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राघवेंद्र पत्नी-बच्चों सहित अपने पैतृक कस्बे में आया हुआ है।नौकरी से छुट्टियाँ न मिल पाने की मजबूरी के चलते

वह चाहकर भी हफ्ता-दस दिन से ज्यादा यहाँ नही रुक पाता है लेकिन उसकी इच्छा रहती है कि अम्मा-बाबू जो पूरे साल नही तो साल में दो-तीन महीने तो उसके साथ मुंबई में जरुर रहें।बच्चों को संयुक्त परिवार मिले,दादा-दादी का भरपूर प्यार मिले।अनिता,उसकी पत्नी भी यही चाहती है।यही सोचकर उन्होंने पाँच कमरों का फ्लैट खरीदा है पर न जाने क्यों अम्मा-बाबू जी वहाँ बहुत कम जाते है।साल भर में एकाध बार,वह भी चंद दिनों के लिए।

"बाबू जी, आप और अम्मा चार-छह दिनों के लिए नही,चार-छह महीनों के लिए आया कीजिए। इतनी जल्दी लौट जाते हैं तो मन कचोटने-सा लगता है ।"उसने पिछली बार उनसे जब यह कहा तो वे बोले थे, "बेटा,मैं कितनी बार कहूँ तुझसे कि वह छोटा-सा कस्बा ही हमारी जन्म और कर्मभूमि रहा है। हमें वहाँ के अलावा और कहीं ज्यादा अच्छा नही लगता।महानगर के तेरे इस बड़े-से फ्लैट में हम चार-आठ दिनों से ज्यादा नही रह सकते।"

i) 1

राघवेंद्र और अनिता की इच्छा

[ ] [ ]

2) 1

राघवेंद्र के आग्रह पर माता-पिता का जवाब

[ ] ← हमारा कस्बा हमारी जन्म और कर्मभूमि रहा है → [ ]

3) परिच्छेद में आए चार शब्द-युग्म खोजकर लिखिए। 2

i)................... ii)................. III)................... iv).......................

4) स्वमत अभिव्यक्ति

'नौकरी-पेशा लोगों के माता-पिता का अकेलेपन का दुख' इस विषय पर अपने विचार 6 से 8 वाक्यों में लिखिए। 2

## विभाग - 2 पदय

प्र.2 अ निम्नलिखित पदयांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए।



Scanned by CamScanner

गरजे मेघ
सहमकर काँपी
कच्ची दीवार ।

रवि चढ़ाए
निर्मल किरणों से
धरा को अर्घ्य।

आ के पसरी
थकी हारी किरण
धरा की गोद।

खुली आँखों ने
जीवन भर देखे
बंद सपने।

कटते तरु
उजड़ा आशियाना
रोए पखेरु।

बच्चे पतंग
माँ-बाप थामें डोरें
छूते गगन।

1. पदयांश में आए प्राकृतिक घटक 2

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

2 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदल कर लिखिए। 1

i) सपना - ______ ii) दीवारें - ______

3. पदयांश की पहली तीन पंक्तियों का भावार्थ लिखिए। 2

प्र.2 आ- निम्नलिखित पदयांश पढ़कर सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए।

जो कभी अपने समय को यों बिताते हैं नहीं,
काम करने की जगह बातें बनातें हैं नहीं,



Scanned by CamScanner

आज-कल करते हुए जो दिन गँवाते हैं नहीं,
यत्न करने में कभी जो जी चुराते हैं नहीं।

काम को आरंभ करके यों नही जो छोड़ते,
सामना करके, नही जो भूलकर मुँह मोड़ते,
जो गगन के फूल बातो से वृथा नही तोड़ते,
संपदा मन से करोड़ो की नही जो जोड़ते।

1 2

कर्मवीर ऐसा नही करते-
[ ] [ ] [ ] [ ]

2. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द पदयांश से खोजकर लिखिए। 1
i) वक्त - [ ] ii) व्यर्थ - [ ]

3 पदयांश की अंतिम चार पंक्तियों का भावार्थ लिखिए। 2

## विभाग - 3 भाषा अध्ययन (व्याकरण)

प्र.3 सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए। 1

1) मानक वर्तनी के अनुसार उचित शब्द छाँटकर लिखिए।
i) आरक्क्षण आरक्षण आरक्षन अरक्षण - [ ]
ii) प्राकिृतिक प्राकृतीक प्राकीतीक प्राकृतिक - [ ]

2 निम्नलिखित अव्यय शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1
के आगे -

3) निम्नलिखित वाक्य का काल पहचानिए तथा सूचना के अनुसार परिवर्तन कीजिए। 2

मैं नहीं जानता मैं कहाँ गिरूँगा।
↓ ............काल
↓ परिवर्तन – अपूर्ण वर्तमान काल

4) i) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1
चौपट हो जाना -

ii) अधोरेखांकित वाक्याशं के लिए उचित मुहावरें का चयन करके वाक्य फिर से लिखिए। 1



Scanned by CamScanner

Std: X

(गर्व से फूल उठना, पछाड़ देना, खून से लथपथ होना)
कुश्ती में भारतीय पहलवान ने विदेशी पहलवान को हरा दिया।

5) कृति पूर्ण कीजिए। 2

| संधि शब्द | संधि विच्छेद | भेद |
|---|---|---|
| दिग्विजय | .................... | .................... |
| .................... | गुरु + उपदेश | .................... |

6) सूचनानुसार भेद पहचानकर वाक्य लिखिए। 2
i) पानी अब निर्मल नही रहा है। (रचना के अनुसार)
ii) हवा रानी, धीरे चलो। (अर्थ के अनुसार)

विभाग - 4 उपयोजित लेखन

प्र.4) अ निम्नलिखित पत्र का प्रारुप तैयार कीजिए। 4

1

| रमेश/रेखा पाटील, पंचवटी चौक, अमरावती | क्रिकेट खेल की सामग्री मँगवाने हेतु पत्र | माननीय व्यवस्थापक, नवयुगस्पोर्टस, राजकमल चौक, अंकोला। |
|---|---|---|

3) निम्नलिखित मुददों के आधार पर रोचक कहानी लिखिए और उचित शीर्षक देते हुए कहानी से प्राप्त सीख भी लिखिए। 4
एक चित्रकार---जंगल में प्राकृतिक चित्र बनाना---शेर का सामने आना---चित्रकार का डरना---शेर से कहना---आपका चित्र बना दूँ---शेर तैयार---फिर कहना---आगे का चित्र पुरा---मुँह पीछे की ओर करके बैठो---शेर का मुँह पीछे की ओर करके बैठना---चित्रकार का भाग जाना।

अथवा

2) निम्नलिखित पदयांश पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए जिनके उत्तर एक-एक वाक्य में हो।


लोग आपस में एक-दूसरे पर विश्वास करते हैं, सुख और दुख में एक-दूसरे के काम आते हैं तथा अपना जीवन व्यतीत करते हैं। वास्तव में, विश्वास के कारण ही व्यक्ति को आत्मबल की प्राप्ति होती है और वह अपने कार्य में रुचि लेता है। मनुष्य किसी न किसी विश्वास के आधार पर परिश्रम



Scanned by CamScanner

करता है।वह विश्वास सुख पाने का भी हो सकता है।इसके अतिरिक्त,मनुष्यों के आपसी विश्वास के कारण ही यह संसार चल रहा है।विश्वास व्यक्ति में एक नई स्फूर्ति,एक चेतना का संचार करता है।वह विश्वास के बल पर ही अधिक-से-अधिक उन्नति करने के विषय में सोचता है।विश्वास से ही व्यक्ति जीवन को सुखमय बनाने की शक्ति पाता है।विश्वास से ही वह प्रगति करता है।संसार के राष्ट्र भी आपसी विश्वास के आधार पर ही एक-दूसरे की सहायता करते हैं।वास्तव में,मनुष्य की मनुष्यता ही विश्वास का आधार है।

प्र.4 आ) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर विज्ञापन तैयार कीजिए। 4




प्र.4 इ) किसी एक विषय पर लगभग 70 से 80 शब्दों मे निबंध लिखिए। 6

1) यदि मैं वैज्ञानिक होता...... 2) बीता हुआ समय कभी नही लौटता

— x — x —



Scanned by CamScanner